मैया री मैं तो वृन्दावन चली जाऊँगी

मैया री मैं तो, वृन्दावन चली जाऊंगी,
पर भजन, श्याम के गाऊँगी ॥

अरी ना भावे मुझे, महल दुमहले ॥
ना चाहिए मुझे, शाल दुशाले ॥
मैया री मैं तो, कुटिया में रह लऊँगी,
पर भजन, श्याम के गाऊँगी,,,
मैया री मैं तो, वृन्दावन,,,,,,,,,,,,,

यमना जी से, जल भर लाऊँ ॥
चौकी चन्दन, की बनवाऊँ ॥
श्याम का मल मल, कमर मिलाऊँगी,
पर भजन, श्याम के गाऊँगी,,,
मैया री मैं तो, वृन्दावन,,,,,,,,,,,,,,

प्यारी गौरी सी, इक पालूँ गईयाँ ॥
रोज बनाऊँ, दूध और दहियाँ ॥
श्याम को, माखन भोग लगाऊँगी,
पर भजन, श्याम के गाऊँगी,,,
मैया री मैं तो, वृन्दावन,,,,,,,,,,,,,,

पतली पतली, पोऊँ फुलकिया ॥
फेर बुला लऊँ, सारी सखियाँ ॥
मैया री मैं तो, पंखा झोल घुमाऊँगी,
पर भजन, श्याम के गाऊँगी,,,
मैया री मैं तो, वृन्दावन,,,,,,,,,,,,,,

चुन चुन फूल, कमल के लाऊँ ॥
फिर कान्हां की, सेज लगाऊँ ॥
मैया री मैं तो, धीरे धीरे चरण दबाऊँगी,
पर भजन, श्याम के गाऊँगी,,,
मैया री मैं तो, वृन्दावन,,,,,,,,,,,,,,,

घिस घिस चन्दन, तिलक लगाऊँ ॥
मन में श्याम की, सूरत बसाऊँ ॥
मैया री मैं तो, भव सागर तर जाऊँगी,
पर भजन, श्याम के गाऊँगी,,,
मैया री मैं तो, वृन्दावन चली जाऊँगी,
पर भजन श्याम के गाऊँगी ॥
अपलोडर-अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20165/title/maiya-ri-main-to-vrindavan-chali-jaungi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |